Closing of Annual NSS Camp

NSS Dinesh 17 Dec, 2022

आज दिनांक 17 दिसंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सप्त दिवसीय विशिष्ट आवासीय शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्थानीय महाविद्यालय प्राचार्य, श्री हेमंत कुमार जी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट कर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को बैज लगाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सरस्वती माता के चरणों में दीप जलाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समा बांधा। उसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सप्त दिवसीय आवासीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इन सात दिनों में स्वयंसेवियों को शारीरिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक, मनोरंजनात्मक व योगा आदि प्रत्येक प्रकार की गतिविधियां करवा के व्यक्तित्व के निर्माण का प्रयास किया गया। विभिन्न दिनों में महाविद्यालय परिसर, सराहां बाजार व सरस्वती ताल आदि क्षेत्रों में स्वच्छता व सफाई के कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं पर शैक्षणिक सत्र में राज्य सहकारी बैंक सराहां, रोजगार कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय, खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय व महाविद्यालय आदि जगहों से आए Resource Person's ने स्वयंसेवियों का ज्ञान वर्धन किया। कार्यक्रम में सोनिका ठाकुर, आशिता, ईशा, अक्षय व अन्य विद्यार्थियों ने एकल गान, एकल नृत्य, समूह गान व समूह नृत्य आदि विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात शिविर में बेहतरीन कार्य करने वाले स्वयंसेवियों को सम्मानित किया गया जिसमें Best Camper Boys का अवार्ड आकाश चौहान को मिला। लड़कियों में Best Camper का अवार्ड सोनिका ठाकुर को व Notable Camper का अवार्ड निकिता को मिला। बेहतरीन कार्य करने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल ग्रुप को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में सभी स्वयंसेवियों को सफल शिविर के समापन के लिए बधाई दी व शिविर में सीखें गए ज्ञान को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवी राकेश ने मुख्य अतिथि अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।